कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

नीलामी सूचना

पत्रांकः– 472/274/(ठेका)/न0पा0प0 फ0(18-19)　　　　दिनांकः– 10-05-2018

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के अन्तर्गत सिविल न्यायालय, फतेहपुर के उत्तर मालती होटल, विद्यार्थी चौराहा से अवन्तीबाई चौराहा के बीच की दक्षिणी पटरी पर मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन की पार्किंग स्टैण्ड की वसूली हेतु ठेके पर उठाये जाने का प्रस्ताव है। उक्त ठेका अवधि स्वीकृत दिवस से 31 मार्च, 2019 तक प्रभावी होगा। इच्छुक व्यक्ति 10000.00 की नगद/ड्राफ्ट जमानत धनराशि जमा कर दिनांक 15 मई, 2018 को पूर्वान्ह 12:00 बजे पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी बोली में भाग लेने से पूर्व इच्छुक व्यक्ति को जिलाधिकारी महोदय, फतेहपुर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा। उच्चतम बोली संतोषजनक होने पर उसे बोली टूटने के तत्काल बाद बोली की 1/2 धनराशि नगद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के कोष मे जमा करनी होगी। नीलामी की अन्य नियम व शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

प्रतिलिपिः– **निम्न को सूचनार्थ एवं समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु प्रेषित।**

1. दैनिक जागरण ....समाचार पत्र को न्यूनतम दर में प्रकाशन कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
2. कार्यालय जिलाधिकारी/जिला पंचायत/नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कम्प्यूटर प्रभारी को Nppfatehpur.com, website पर अपलोड करने हेतु।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।